# Ch 12

प्रश्न 1. सोचकर बताइए:

1.आपके गाँव या शहर में पानी के स्रोत कौन-कौन-से है?

- मेरे गाँव में कुआ, नदी, तालाब, चेकडेम, ट्यूबवेल आदि पानी के स्रोत हैं।

(2 ) हम पानी का उपयोग कहाँ-कहाँ करते हैं ?

- हम पानी का उपयोग पीने में, नहाने में, रसोई बनाने में, कपड़े धोने में, खेतो की सिंचाई में और कारखानों में करते हैं।

(3) पानी हमारा जीवन है। पानी का अपव्यय नहीं करना चाहिए। अब बताइए कि लोग पानी का अपव्यय कैसे करते है?

- लोग पानी का अपव्यय इस प्रकार करते हैं –

  (1) पीने के पानी से हाथ-पैर धोते हैं।

  (2) नल चालु रखकर इधर-उधर चले जाते हैं।

  (3) पीने योग्य पानी से पशुओं को नहलाते हैं।

  (4) पीने योग्य पानी से जीप, ट्रैक्टर आदि धोते हैं।

  (5) टपकते नल को बदलते नहीं।

(4) पानी का अपव्यय न हो इस हेतु आप क्या-क्या करेंगे?

- पानी का अपव्यय न हो इस हेतु मैं -

(1) जलाशयों पर सूचनाएँ लिखंगा।

(2) टपकते नल बंद करवाऊँगा।

(3) पीने योग्य पानी का जरूरत के मुताबिक उपयोग करूंगा।

(4) पानी का अपव्यय बंद करने के लिए लोगों को समझाऊंगा।

प्रश्न 2. छात्रों को अपने गांव या शहर के नजदीक आए हुए नदी, जलपरियोजना, चेकडेम या खेत-तालाब की मुलाकात करवाइए। -

- छात्र अपने शिक्षक के मार्गदर्शन में प्रश्न में उल्लिखित जलस्रोत की मुलाकात करेंगे।

  • मुलाकात के बाद छात्रों ने जो देखा है, उसकी कक्षा में चर्चा और लेखन करवाइए। छात्र देखे हुए जलस्रोत की चर्चा शिक्षक के मार्गदर्शन में करेंगे और निम्नानुसार. लेखन करेंगे :

नदी : हमारा जलस्रोत

- हमारा गाँव पहाड़ी इलाके में है। हमारे गाँव के पास एक नदी बहती है। उसका नाम है - 'चूल्ही' नदी। चूल्हा बड़ा होता है और चूल्ही छोटी होती है। यहां पत्थर से बनी 'चूल्ही' की आकृति के कारण उसका नाम 'चूल्ही' पड़ा है।
- इस नदी का जलप्रवाह इस 'चूल्ही' की आकृति से निकलता है। यह दृश्य बड़ा मनोहर होता है।
- यहाँ इस नदी पर एक चेकडेम बनाया गया है। उसमें बहुत पानी जमा होता है। उस पानी से खेतों की सिंचाई होती है। चारों ओर से पशु-पक्षी यहाँ पानी पीने के लिए आते हैं। नदी का पानी नहाने और कपड़े धोने के काम भी आता है। इसके किनारे पर हमने पेड़-पौधे लगाए है। यहाँ वृक्षों की घटा बड़ी सुंदर लगती है।
- जब बहुत बर्षा होती है, तब नदी में बाढ़ आती है। उस समय उसके किनारे के खेत बह जाते हैं। कभी कुछ पशु भी पानी में बह जाते हैं । फिर भी नदी हमारी माता है और पानी हमारा जीवन है।

प्रश्न 3. (अ) इकाई में आए हुए कुछ शब्द नीचे कोष्ठक में छिपे हुए है। उन्हें ढूंढिए और कर लिखिए :

(1) लहलहाए
(2) भरना
( 3) कड़ाही
(4) प्रार्थना
(5) नहाना
(6) बाहर
(7) खेलना
(8) छपाछप
(9) बरसात
(10) बादल
(11) तैरना
(12) दुमदुमा

- (ब) इन वर्गों को योग्य स्थान पर रखकर सार्थक शब्द बनाइए :

(न, शा, प, रो, छ, पा, मी)


- छपाछप, परेशान, रोज, जमीन, मीन

प्रश्न 4. नीचे दिए गए चित्र के आधार पर पाँच वाक्य लिखिए



- यह गाँव का दृश्य है। सुबह का समय है। सूरज निकल रहा है। काश में पक्षी उड़ रहे हैं। दूर कुछ पेड़ और घर दिखाई दे रहे हैं। एक मंदिर दिख रहा है । मैदान में दो लड़के गेंद खेल रहे हैं। तालाब के किनारे दो स्त्रियाँ कपड़े धो रही हैं। एक बालक खेत के पास खड़ा है। खेत में किसान है। किसान हल चला रहा है। दो बैल हल खींचते हैं।

प्रश्न 5. नीचे दिए गए चित्र के आधार पर कहानी कथन कीजिए:




मेढक और साँप

- एक तालाब था। उसमें बहुत सारे मेढक रहते थे। तालाब के किनारे बरगद का एक पेड़ था। उसकी जड़ में एक बिल था। उसमें एक साँप रहता था। साँप रोज-रोज किसी-न-किसी मेढक को पकड़कर खा जाता था मेढक परेशान हो उठे थे। एक दिन उन्होंने आपस में मिलकर एक उपाय सोचा। दूसरे दिन एक मेढक बिल के सामने खड़ा रहा। बाकी सभी मेढक बिल के आसपास छिप गए। जैसे ही साँप ने उस मेढक को पकड़ा, छिपे हुए मेढक निकल आए और साँप को पकड़कर खींचने लगे। साँप घबराया। वह पकड़े हुए मेढक को छोड़कर भागा और बिल में घुस गया। मेढकों की खुशी का ठिकाना न रहा। सचमुच संगठन में शक्ति है।

प्रश्न 6. कोष्ठक में दी हुई क्रिया के योग्य रूप से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

(1) दुमदुमा गांव में हमेशा पानी की कमी रहती थी।

(2) बच्चे तालाब में नहाते थे।

(3) खेतों में मक्का और धान लहलहाते थे ।

प्रश्न 7. (अ) कोष्ठक में दिए गए शब्दों का उपयोग करके जो वाक्य लिखे हैं उन्हें पढ़िए और समझिए.:

(लाल, सफेद, तीन, सुंदर)

वाक्य : खेत में गाये चरती हैं।

(1) खेत में लाल गायें चरती है।

(2) खेत में सफेद गायें चरती हैं।

( 3) खेत में तीन गायें चरती है।

(4) खेत में सुंदर गायें चरती हैं।

(ब) कोष्ठक में दिए गए शब्दों का उपयोग कर वाक्य लिखिए: वाक्य : बगीचे में फूल खिले हैं।

(लाल, रंगबिरंगे, तीन, सुंदर)

(1) बगीचे में लाल फूल खिले हैं।

(2) बगीचे में रंगबिरंगे फूल खिले हैं।

(3) बगीचे में तीन फूल खिले हैं।

(4) बगीचे में सुदर फूल खिले है।

(क) निम्नलिखित शब्दों का उपयोग कर वाक्य बनाइए।

(होशियार, सुंदर, काला छोटा, थोड़ा)

(1) अधिक होशियार लड़का है।

(2) यह सुदर फूल है।

(3) वह काला घोड़ा है।

(4) तनीश छोटा लड़का है।

( 5) गिलास में थोड़ा दूध है।

प्रश्न 8. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1) दुमदुमा गांव की क्या समस्या थी ?

- दुमदुमा गाँव में हमेशा पानी की कमी रहती थी। दुमदुमा गाँव की यह समस्या थी।

( 2 ) पानी की कमी के कारण बच्चे क्या-क्या नहीं कर पाते थे?

- पानी की कमी के कारण बच्चे पानी में खेल या तैर नहीं पाते थे।

(3) रजिया ने पानी की कमी दूर करने के लिए क्या उपाय बताया?

- रजिया ने पानी की कमी दूर करने के लिए एक बड़ा-सा गड्ढा खोदने के लिए कहा।

( 4) जमीन खोदने के लिए बच्चे कौन-कौन-से साधन लाए?

➢ जमीन खोदने के लिए बच्चे फावड़े, कड़ाही, कुदालें और तसले

( 5) तालाब में बरसात का पानी भरने से दुमदुमा गांव को क्या फायदा हुआ?

➢ तालाब में बरसात का पानी भरने से दुमदुमा गाँव को बहुत फायदा हुआ। खेतों की सिंचाई हुई और खेतों में मक्का और धान बड़ी मात्रा में लहलहाने लगे।

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्य कौन कहता है? लिखिए :

1. मैं बादलों से प्रार्थना करूंगा, रोज बरसो। "

➢ यह वाक्य बिल्लू कहता है।

(2)"बादल रोज कैसे बरस सकते हैं?"

➢ यह वाक्य महिमा कहती है।

(3)"क्यों न एक बड़ा-सा गइढा खोदें, जिसमें बारिश का खूब सारा पानी भर जाए।"

➢ यह वाक्य रजिया कहती है।

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लिखिए :

➢ दुमदुमा, बादल, कड़ाही, छपाछा, लहलहाए

➢ कड़ाही, छपाछप, दुमदुमा, बादल, लहलहाए

प्रश्न 4. गुजराती में अनुवाद कीजिए :

(1) बच्चे पानी में खेलना चाहते थे ।

➢ બાળકો પાણી માં રમવા ઇચ્છતા હતા

(2 ) पानी से खेतों की सिंचाई होती है।

➢ પાણીથી ખેતરો ની સિંચાઇ થાય છે

(3) बारिश के पानी से तालाब में पानी भरा।

➢ વરસાદના પાણીથી તળાવમાં પાણી ભરાયું

( 4) बच्चों ने पानी की कमी दूर करने की सोची ।

- બાળકોએ પાણીની તંગી દૂર કરવાનું વિચાર્યું

( 5) एक दिन बच्चे खेल के मैदान में इकट्ठे हुए।

- એક દિવસ બાળકો રમત ના મેદાનમાં એકઠા થયા

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों से कोष्ठक में दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए :

उपासना, दुःखी, युक्ति, वर्षा, स्तुति, वारि, व्याकुल, तरकीब, बरसात, नीर

प्रार्थना=उपासना ,स्तुति

उपाय = युक्ति,तरकीब

पानी = वारि, नीर

बारिश=वर्षा,बरसात

परेशान = दुःखी, व्याकुल

प्रश्न 6. (क) आपके गांव / मुहल्ले / आसपास या स्कूल में कोई-न-कोई समस्या जरूर होगी। पता कीजिए और लिखिए :

• वह समस्या क्या है?

- हमारे मुहल्ले - गाँव की समस्या है- 'गंदगी' ।

• वह समस्या क्यों है?

- वह समस्या इसलिए है कि
- - लोग अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते हैं। -कूडा-कर्कट आसपास में डाल देते है।
- - उचित जगह पर कूडादान नहीं है।

वह समस्या किस प्रकार दूर हो सकती है?

- गंदगी की वह समस्या इस प्रकार दूर हो सकती है:
- लोग अपनी जिम्मेदारी समझें।
- योग्य स्थान पर सूचना लिखी जाए।
- उचित जगह पर कूड़ादान रखा जाए।

उस समस्या को दूर करने में तुम और तुम्हारे साथी क्या योगदान दे सकते हैं?

- गंदगी की समस्या को दूर करने में मैं और मेरे साथी इस प्रकार  योगदान दे सकते हैं –
- सफाई-सप्ताह मनाकर
- खुद सफाई करके
- लोगों को सफाई का महत्त्व समझाकर
- उचित जगह पर सूचनाएं लिखे बार्ड रखकर
- उचित जगह पर कूड़ादान रखकर
- कूडादान भर जाने के बाद उसे तुरंत खाली करके

(ख) इस समस्या के बारे में अपने सरपंच / नगरसेवक को पत्र लिखिए:

प्रेषक : राणपुर के ग्रामजन,

मुहल्ला नं.

दिनांक : 25 जनवरी,

2014

प्रति,

मान्यवर सरपंच महोदय,

राणपुर ग्रामपंचायत।

विषय : मुहल्ले व गाँव की गंदगी दूर करना ।

आपसे सविनय निवेदन है कि हमारे राणपुर गाँव में, खास कर हमारे मुहल्लेनं.2 में कूड़ादान नहीं है। अत: लोग इधर-उधर कहीं भी कूड़ा डाल देते हैं।इसलिए गंदगी बढ़ती रहती है। इस प्रकार गंदगी बढ़ने से बीमारियां फैलने की पूरी संभावना है।

अतः आपसे प्रार्थना है कि हमारे मुहल्ले में तथा पूरे गाँव में कूड़ेदान रखवाएं और उनकी सफाई करवाने का उचित प्रबंध करें, ताकि गाँव स्वच्छ रहे, स्वस्थ रहे।

भवदीय,

राणपुर मुहल्ला नं.2

के ग्रामजन।